दिन– बुधवार दिनांक– 31 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के प्रावधानों पर आपत्ति जताई। पटना नगर निगम ने विधेयक के खिलाफ पारित किया निन्दा प्रस्ताव।

02. प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान की समय सीमा सात अगस्त तक बढ़ाई गयी।

03. वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए आयकर रिटर्न भरने का आज अंतिम दिन।

04. और, पेरिस ओलंपिक में आज पांचवे दिन भारत के मुक्केबाज, तीरंदाज, बैडमिंटन खिलाड़ी और निशानेबाज अपनी–अपनी चुनौती पेश करेंगे।

———————————————————————

प्रदेश के नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के प्रावधानों पर आपत्ति जताई है। बिहार मुख्य पार्षद महासंघ आज इस विधेयक के खिलाफ पटना में बैठक करेगा। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी। इधर, पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू ने बताया कि कल हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में विधेयक के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि संशोधित विधेयक के खिलाफ पटना उच्च न्यायालय में अपील की जायेगी। गौरतलब है कि इस विधेयक के द्वारा साफ–सफाई और कचरा प्रबंधन की दर के निर्धारण का अधिकार नगर निकाय की जगह नगर विकास विभाग को दिया गया है। साथ ही विधेयक में कहा गया है कि विभागीय फैसले के खिलाफ नगर निकायों की बैठक में कोई प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। इसके अलावा संशोधित विधेयक में मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के विरूद्ध लाये जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव की व्यवस्था को समाप्त करने का प्रावधान है। इस बीच, नगर विकास विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि नगर निकायों की स्वायत्ता बरकरार रहेगी। निकायों की मांग पर सरकार विचार कर रही है।

———————————————————————

प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान की समय सीमा सात अगस्त तक बढ़ा दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। पत्र में

कहा गया है कि विशेष अभियान के तहत एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य था, लेकिन उनतीस जुलाई तक अट्ठाईस लाख तिरेसठ हजार पांच सौ पैंसठ नये आयुष्मान कार्ड ही बनाए जा सके। इसे देखते हुये विशेष अभियान की अवधि बढ़ाई जा रही है।

—————————————————————

राज्य के अस्पतालों में अब मरीजों को दवा उपलब्धता की जानकारी स्कैनर से मिल जाएगी। इसके लिए जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर क्यूआर कोड लगेगा। मरीज इस क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ले सकेंगे। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने बताया कि इस संबंध में बिहार राज्य स्वास्थ्य आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड को पत्र निर्गत किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम को दवा संबंधी ई–पोर्टल को अपग्रेड करने के निर्देश दिये गये हैं।

—————————————————————

प्रदेश में खेतों और उसमें उगाई जा रही फसलों का विवरण अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि किसानों के हित में यह प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है। इसमें किसानों के नाम, खेत का रकबा और फसल का विवरण उपलब्ध होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस आधार पर किसानों को योजनाओं को लाभ मिलने में आसानी होगी।

—————————————————————

सहरसा और पूर्णियां जिले के चार सौ उन्नीस वार्डों में हर घर नल का जल योजना का कार्यान्वयन जल्द शुरू होगा। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंता प्रमुख मोहम्मद सादुल्लाह जावेद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना उच्च न्यायालय में मामला लम्बित होने के कारण योजना का कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा था। न्यायालय ने संबंधित मामले का निष्पादन कर दिया है।

—————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए आयकर रिटर्न भरने का आज अंतिम दिन है। कल तक देशभर में छह करोड़ नौ हजार से अधिक लोग रिटर्न दाखिल कर चुके हैं। पिछले वर्ष इकतीस अगस्त तक छह करोड़ नब्बे लाख लोगों ने अपना आईटीआर भरा था।

—————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि राज्यों के बार काउंसिल नए वकीलों से 'अधिवक्ता अधिनियम—उन्नीस सौ इकसठ में तय राशि से अधिक पंजीकरण शुल्क नहीं ले सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि कानून में तय रकम से अधिक की राशि लेना हाशिए पर खड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के खिलाफ प्रणालीगत भेदभाव को बढ़ावा देता है। न्यायालय ने कहा कि राज्यों के बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को संसद द्वारा निर्धारित राजकोषीय नीति में बदलाव या संशोधन करने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बिहार सहित अन्य राज्यों के बार काउंसिल सामान्य वर्ग के वकीलों से सात सौ पचास रुपये और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के वकीलों से एक सौ पच्चीस रुपये से अधिक का पंजीकरण शुल्क नहीं ले सकेंगे।

———————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण योजना के दूसरे चरण के पोर्टल का शुभारम्भ किया। श्री प्रधान ने इस अवसर पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रशिक्षण की राशि के रूप में सौ करोड़ रुपये जारी किए। इस योजना का उद्देश्य प्रशिक्षुता का लोकतंत्रीकरण करना, युवा आकांक्षाओं को पूरा करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि यह मंच छात्रों को कौशल बढ़ाने और उद्योग निकायों के अनुकूल बनने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छह महीने से अठारहवें महीने की प्रशिक्षुता अवधि के दौरान छात्रों को पैंतालीस सौ रुपये प्रति माह प्रदान किए जाएंगे।

———————————————————————

पेरिस ओलिम्पिक्स दो हजार चौबीस में आज पांचवे दिन भारत के मुक्केबाज, तीरंदाज, बैडमिंटन खिलाडी और निशानेबाज अपनी—अपनी स्पर्धाएं खेलेंगे। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में अब तक मॉनसून के सक्रिय होने की अनुकूल स्थितियां नहीं बनी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार अगस्त तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

प्रदेश भाजपा कल से सहयोग कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश कार्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा कोटे के मंत्री आम लोगों की शिकायतें सुनेंगे।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा अपने सरकारी आवास पर लोगों की फरियाद सुनकर उसका निबटारा करेंगे। वहीं, अन्य मंत्रियों को प्रदेश कार्यालय में आना होगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक पात्रता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। वहीं, समिति ने औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा परीक्षा का भी परिणाम प्रकाशित कर दिया है। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाईट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। इधर, बिहार बोर्ड आज डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर दूसरी मेधा सूची का प्रकाशन करेगा। सूची के आधार पर तीन अगस्त से सात अगस्त के बीच नामांकन होगा।

———————————————————————

राज्य सरकार सितम्बर महीने से सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन करेगी। श्रम संसाधन विभाग ने जिलास्तरीय नियोजन मेले का समेकित कार्यक्रम जारी कर दिया है। मेले की शुरुआत बक्सर से होगी। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा।

———————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अन्तर्गत खजुरी गांव में विद्युत कटौती के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर आई पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इसमें एक प्रशिक्षु डीएसपी समेत एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी घायल हो गये। साथ ही आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पैंतालीस अन्य उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

पूर्णियां के लाईन बाजार स्थित एक आभूषण शोरूम से लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत चकमनिया गांव में डीआईयू और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर तीन हथियार तस्करों को बीस देसी पिस्तौल, उनासी कारतूस और गांजा तथा शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है।

———————————————————————

दरभंगा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म और उसका वीडियो वायरल करने के दोषी मुरारी कुमार, रोहन कुमार, सागर कुमार और अशोक कुमार को बीस–बीस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने इन सभी पर पचास हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इधर, पटना की पॉक्सो अदालत ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी विजय बसंत को दस वर्ष कारावास और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

शेखपुरा जिला आज अपना इकतीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर आज सुबह स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। साथ ही विकास मार्च का भी आयोजन किया गया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केरल के वायनाड में भूस्खलन की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– वायनाड में विनाश, एक सौ तेईस जिंदा दफन।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– घर बैठे रजिस्ट्री कराने के लिए फतुहा, पटनासिटी, बिहटा, दानापुर और जहानाबाद में ऑनलाईन आवेदन की सुविधा शुरू।

प्रभात खबर ने पेरिस ओलंपिक से जुड़ी खबर को लीड बनाने हुये लिखा है– मनु ने बढ़ाया मान, एक ओलंपिक में दोहरा पदक, रचा इतिहास।

दैनिक जागरण लिखता है– नॉन टेक्नीकल छात्रों को भी अब अप्रेंटिसशिप का मौका।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को हर माह मिलेंगे चार–चार हजार रूपये।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस के प्रावधानों पर आपत्ति जताई। पटना नगर निगम ने विधेयक के खिलाफ पारित किया निन्दा प्रस्ताव।

02. प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान की समय सीमा सात अगस्त तक बढ़ाई गयी।

03. वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए आयकर रिटर्न भरने का आज अंतिम दिन।

04. और, पेरिस ओलंपिक में आज पांचवे दिन भारत के मुक्केबाज, तीरंदाज, बैडमिंटन खिलाड़ी और निशानेबाज अपनी–अपनी चुनौती पेश करेंगे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।